**Institution distinctiveness-**

1. D.A-V. College is the rarest college of the world in which current President of that time respected Sri Ram Nath Kovind Ji came in its centenary year function with Chief Minister of Uttar Pradesh respected Sri Yogi Aditya Nath ji.
2. Ex Prime-minister of India Late Sri Atal Bihari Bajpai ji and Ex-President of India Sri Ram Nath Kovind Ji were alumni of D.A-V. college. As well as Kanhaiya Lal Nandan and Maheep Singh renowned Writer and Journalist, Admiral (Retired) Vishnu Bhagat, Air Vice Marshall (Retired) R. C. Bajpai, Ex Vice Chanceller of CSJM University, Prof. S.S. Katiyar and so on were also the alumni.
3. D.A-V. Playground has a huge area of 26080 sq. m. Its cricket ground contains turf wicket (Pitch) with practice turf wicket and nets.
4. A Large Auditorium Present inside the College.
5. Ambedkar Study Center is also Present in History department.
6. D.A-V. College has its own large Art Gallery named as Dr. Virendra Swarup Art gallery.
7. Post graduation in Statistics is rarest in CSJM University. This facility is only available in D.A-V. College.
8. Zoology department Animal Museum keep rare place in CSJM University. It has large no. of rare skeletons of mammals, reptiles and Aves. About 500 specimens of various Phylum are available in the Museum. Human embryonic stage specimens are also available in animal Museum. Large variety of marine and freshwater fish specimens are rare collection.
9. Zoology department run six elective papers in M.Sc. Final i.e. Ichthyology, Entomology, Endocrinology, Parasitology, Environmental Biology and Cytogenetics that is rarest in the CSJM University. A good number of optional subjects and a variety of academic programs run by different departments.
10. Hostel facility for women students is available in Dayanand Anglo-Vedic College, that is centrally located.
11. Several demands based self-finance UG and PG courses run in the college campus (DVS-CAST) that are B.Sc. Biotechnology, B.Sc. Microbiology, B.Sc. Information technology, B.Sc. Computer application, B.Sc. Electronics, B.Ed., M.Sc. Microbiology and M.Sc. Biochemistry.
12. College has enriched Central Library named Anand Swarup Kendriya Pustakalaya with new and good books for the benefit of students, research scholars and teachers
13. No. of minor and major research projects undertaken by the teachers and no. of books and paper publication by the teachers.
14. NCC, NSS and Rovers, Rangers unit of the College keep high value in the University as well as the State.
15. Every year so many students of the college are being awarded in University by Gold, silver and bronze medals with chancellor medal.

# भूगोल विभाग
## गतिविधियाँ
















# मनोविज्ञान विभाग

## विभागीय गतिविधियाँ









DR. AMBEDKAR STUDIES CENTRE
Sponsored By U.G.C.
Deptt. of History
D.A.V. College, Kanpur
(Accredited B++by NAAC)
GPS Map Camera
Kanpur, Uttar Pradesh, India
Near Dj court, Civil court compound,, F8HW+XW9, Green Park, Civil Lines, Kanpur, Uttar Pradesh 208001, India
Lat 26.480088°
Long 80.347285°
22/11/23 12:05 PM GMT +05:30
Google


DAV COLLEGE KANPU
CENTENARY
1919 2019


DAV COLLEGE KANPUR
CENTENARY
1919 2019




GIRLS'
GPS Map Camera
Kanpur, Uttar Pradesh, India
12, 63/12, VIP Rd, Green Park, Purana Kanpur, Kanpur, Uttar Pradesh 208001, India
Lat 26.480413°
Long 80.347346°
22/11/23 12:11 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Kanpur, Uttar Pradesh, India
Near Dj court, Civil court compound,, F8HW+XW9, Green Park, Civil Lines, Kanpur, Uttar Pradesh 208001, India
Lat 26.48004°
Long 80.347385°
22/11/23 12:08 PM GMT +05:30
Google


पं दीनदयाल उपाध्याय
पुस्तकालय
इतिहास विभाग
GPS Map Camera
Kanpur, Uttar Pradesh, India
Near Dj court, Civil court compound,, F8HW+XW9, Green Park, Civil Lines, Kanpur, Uttar Pradesh 208001, India
Lat 26.480046°
Long 80.347376°
22/11/23 12:08 PM GMT +05:30
Google



Gave Their Precious Time To
Milestone
Dr B S Kaushik
Dr N S Verma
Dr A K Saxena
Chief Patron
Dr. Nagendra Swarup


CENTENARY YEAR, D.A-V. COLLEGE, KANPUR
(1919 - 2019)
75th YEAR OF DEPARTMENT OF ZOOLOGY
(1943 - 2018)
Felicitation Function Of Retired Teacher Who Gave Their Precious Time To Achieve This Milestone
Dr B S Kaushik
Dr Sri Ram Srivastava
Dr K K Verma
Dr K P Hajela
Dr N S Verma
Dr S C Saxena
Dr A K Saxena
Dr P N Agrawal
Dr P K Verma
Dr Arun Asthana
Dr P K Mathur
Dr B S Saxena
Dr. P K Johri
Dr. P K Bajpai
Dr. Rajnish Kumar


GPS Map Camera
Kanpur, Uttar Pradesh, India
F8JX+63Q, Parwati Bagla Rd, Green Park, Civil Lines, Kanpur, Uttar Pradesh 208001, India
Lat 26.480606°
Long 80.347593°
21/10/23 11:10 AM GMT +05:30
Google


एजुकेशन नान टीचिंग वेल्फेयर
एसोसिएशन उ.प्र.
आयोजक
HENTWA U.P.
सी.पी. मिश्रा

# जेम्सकॉन-2018 कल से, देश-विदेश से जुटेंगे डॉक्टर

## जेम्स एसोसिएशन ने किया कॉलेज ऑफ लर्निंग बनाने का एलान

अमर उजाला ब्यूरो

कानपुर। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में 23 दिसंबर से जेम्सकॉन-2018 आयोजित होने जा रहा है, इसमें कॉलेज के गोल्डन जुबली और सिल्वर जुबली बैच के देश-विदेश में प्रैक्टिस कर रहे डॉक्टर (जेम्स) जुटकर पुरानी यादें और अनुभव साझा करेंगे। ये जानकारी शुक्रवार को जेम्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने दी।

मेडिकल कॉलेज कॉन्फ्रेंस हाल में जेम्स एसोसिएशन की संरक्षक व प्राचार्य डॉ. आरती लालचंदानी, एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. सुबोध वाजपेयी ने पत्रकारों से बताया कि इस वर्ष मेडिकल कॉलेज के पूर्व छात्रों के वार्षिक सम्मेलन जेम्सकॉन-2018 में 23 दिसंबर को सिल्वर जुबली बैच (1988 बैच) और गोल्डन जुबली बैच (1968 बैच) के डॉक्टर सपरिवार शामिल होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे वैज्ञानिक सत्र से होगी, इसमें यहां 1988 बैच के छात्र रहे स्वास्थ्य मंत्रालय में तैनात एडिशनल हेल्थ सेक्रेटरी डॉ. आरके वत्स मुख्यअतिथि होंगे। यूएस में प्रैक्टिस कर रहे मेडिकल कॉलेज के पूर्व डॉ. प्रवीण कालरा, अपोलो के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. सुकेश मोदी, गाजियाबाद की डॉ. अलका दीक्षित सहित 12 डॉक्टर अन्य डॉक्टरों को इलाज के बारे में बताएंगे।

दोपहर में उद्घाटन समारोह, गुरुओं का सम्मान, मेधावी छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। फिर संगीत संध्या होगी। 24, 25 दिसंबर को कानपुर-लखनऊ हाइवे में स्थित होटल रमाडा में विभिन्न तरह के आयोजन होंगे। प्राचार्य ने बताया कि कॉलेज में शिक्षकों की कमी के मद्देनजर सिल्वर जुबली बैच के कानपुर और आसपास के जिलों में प्रैक्टिस कर रहे डॉक्टर कॉलेज आकर छात्रों को पढ़ाएंगे। जेम्स के लिए कॉलेज के बेसमेंट में बड़ा ऑफिस भी बनेगा। प्रेसवार्ता में जेम्स एसोसिएशन के सचिव डॉ. मोहित मैथानी, डॉ. गायत्री सक्सेना, डॉ. आशा अग्रवाल, डॉ. हरवीर एस सोढी शामिल रहे।



मेडिकल कॉलेज सभागार में जेम्सकॉन-2018 के बारे में जानकारी देते (दाएं से) डॉ. हरवीर सिंह, डॉ. गायत्री सिंह, प्राचार्य डॉ. आरती लाल चंदानी, डॉ. सुबोध वाजपेई, डॉ. मोहित मैथानी। अमर उजाला

## कैंपस क्वीन



अंशिका शुक्ला
[illegible]

## कैंपस का बादशाह



हंजला हक
[illegible]

## नई किलकारी



[illegible]

knp-cityreporter@knp.amarujala.com
मो.- 7617566163

# दोस्तों का 'बंधन' दूर तक खींच लाया

## शीलिंग हाउस स्कूल में हुआ पूर्व छात्र सम्मेलन 'बंधन-2018'

अमर उजाला ब्यूरो


शीलिंग हाउस के दो दिवसीय री यूनियन कार्यक्रम के दौरान फन फेस्ट में पूर्व छात्रों ने गेम्स के स्टॉल लगाए। अमर उजाला


कानपुर। अरे जावेद भाई आपको याद है कि 25 साल पहले भी स्कूल में फन फेस्ट लगी थी और आपने मेरे बगल में ही स्टॉल लगाया था। उस दौरान मैंने आपके स्टॉल को डेकोरेट करने में काफी मदद की थी। 1995 बैच अतुल की बात सुनकर 1993 बैच के जावेद पुरानी यादों में खो गए। सालों बाद एक दूसरे से मिले जावेद और अतुल के साथ शीलिंग हाउस स्कूल के सैकड़ों पूर्व छात्रों ने शुक्रवार को पुरानी यादों को ताजा किया। इस मौके पर फन फेस्ट का आयोजन हुआ। जिसमें पूर्व छात्रों ने ही गेम्स स्टॉल लगाए।

शीलिंग हाउस के दो दिवसीय री यूनियन कार्यक्रम 'बंधन-2018' के पहले दिन फन फेस्ट हुआ। जिसमें 500 पूर्व छात्र-छात्राएं शामिल हुए। दुबई, यूएसए, लंदन से भी आए पूर्व छात्रों ने कैंपस देख यादें ताजा कीं। 79 बैच के इनामुल हसन, एंडी यादव, शोभित, अतुल जैन ने भी फेस्ट में जमकर धमाल किया। कुछ ऐसे स्टूडेंट्स भी थे, जिनके बच्चे भी इसी स्कूल के छात्र हैं।

पूर्व छात्रों ने किस्मत कनेक्शन, तीस मारखां, नुकीला निशान, फोड़ दे मटकी, मनी के आउट, छल्ला कल्लाह, पिल्लर पार्टी जैसे खेलों का लुत्फ उठाया। खेल खेलने के साथ पार्टी का भी आयोजन किया गया। इस दौरान स्कूल के चेयरमैन परवेज रुस्तमजी, एमएल शुक्ला, प्रधानाचार्या वनिता मेहरोत्रा, हेडमिस्ट्रेस अलका माली के अलावा मनोज गुप्ता, उमेश पंत, हेमंत गुप्ता, चरनजीत बग्गा, अतुल गुप्ता मौजूद रहे।



दुबई से आए विक्रांत 1993 बैच के स्टूडेंट हैं। विक्रांत बताते हैं कि तीन साल के बाद स्कूल में आने का मौका मिला। स्कूल आने पर कई यादें ताजा हो गई हैं। दुबई से अपने बच्चों को भी स्कूल लाया हूं। उनको बताया कि कैसे हम स्कूल में रहते थे, कितनी मस्ती करते थे। स्कूल की उपलब्धियां आज भी खुश कर देती हैं।



नर्सरी से लेकर 12 तक स्कूल में पढ़े खालिद 1993 के पास आउट हैं। यूएसए में रहने वाले खालिद अपने समय के टॉपर हैं। कहा, 25 साल के बाद अपने दोस्तों से मिलने की अनुभूति कुछ अलग ही है। स्कूल आने का एक्साइटमेंट रहता था। समय के साथ बहुत बदलाव हुआ, लेकिन दिलों से हम अब भी करीब हैं। ऐसे री-यूनियन दोस्तों को करीब लाने का काम करते हैं।

## कैंप के लिए दस छात्र छात्राओं का चयन

कानपुर। 26 जनवरी को दिल्ली में होने वाली परेड में हिस्सा लेने वाले छात्र-छात्राओं के चयन की तैयारी शुरू हो गई है। [illegible] कैंप में 22 विश्वविद्यालयों के 220 छात्र-छात्राएं भी हिस्सा लेंगे। [illegible] बाद 160 छात्र-छात्राओं का चयन किया जाएगा। [illegible] कार्तिक और बोल्डसी कॉलेज की ममता यादव, प्रीति सिंह और कीर्ति कटियार कैंप में हिस्सा लेंगी।

## बकाया फीस पर स्कूल से निकालने का आरोप

कानपुर। [illegible] बकाया फीस को लेकर [illegible] हजार रुपये बकाया दिखाकर दोनों को स्कूल से निकाल दिया गया है। [illegible] है। शिकायत आने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## शहर के होनहार छात्रों की होगी खोज

कानपुर। [illegible] टैलेंट हंट का आयोजन किया गया। इसमें नगर के प्रतिभावान व होनहार छात्रों की खोज की जाएगी और उनको [illegible] के लिए स्कॉलरशिप दी जाएगी। ग्रुप के प्रबंधकों की टीम कई शिक्षण संस्थाओं में स्कॉलरशिप परीक्षाओं का आयोजन करेगी। ब्यूरो

BHARAT RATNA VS RAJIV GANDHI
ट्रेंडिंग ट्वीट

| एक दिन में ट्वीट | एक हफ्ते में ट्वीट |
|---|---|
| 1459 | 2422 |

टॉप ट्वीट

@KapilMishra_IND
जिसने ये कहा कि बड़ा पेड़ गिरता है तो जमीन हिलती है...जिसने नरसंहार के दोषियों को बचाया भी और पद भी दिए हत्यारों को इनाम दिया, राजीव गांधी का भारत रत्न वापस हो।

ईश्वर प्रजापति 226 @ishwerprajapat
राजीव गांधी का भारत रत्न वापस हो।

## बच्चों की प्रस्तुतियों ने मोहा मन



कानपुर। मोती झील के लाजपत भवन सभागार चिल्ड्रेंस केयर हाई सेकेंड्री स्कूल के वार्षिकोत्सव (तरंग) के दौरान [illegible] नाट्य प्रस्तुति में प्रसून शर्मा, पलक, अभिनव व अंश पटेल ने सजीव अभिनय कर लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सतीश निगम व केके अवस्थी ने दीप जलाकर किया। नर्सरी की अंशिका वर्मा, सुरभि वर्मा, सौम्या सिंह ने स्वागत गीत गाया। दशावतार, मिस्टिक इंडिया प्रस्तुत किए गए। इस दौरान बच्चों ने डांस, फैशन शो कव्वाली भी प्रस्तुत की। प्रधानाचार्या डॉ. अर्चना गुप्ता ने सभी का धन्यवाद दिया। शीला श्रीवास्तव, पूजा महेश्वरी, वंदना अग्रवाल, कृष्णा चौहान, अंकिता शुक्ला व अनुपमा सिंह आदि मौजूद रहे।

न्यूज डायरी

## रिटायर्ड शिक्षक-शिक्षिकाएं सम्मानित



कानपुर। डीएवी महाविद्यालय के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में जंतु विज्ञान विभाग में सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अमित श्रीवास्तव और विभागाध्यक्ष डॉ. पंकज टंडन ने की। समारोह में विभाग के 16 रिटायर्ड शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। डॉ. पंकज टंडन और डॉ. एसके सिन्हा ने वरिष्ठ शिक्षकों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सम्भावना ने किया। इस मौके पर विभाग के सभी शिक्षकगण और कर्मचारी मौजूद थे। ब्यूरो

## डांस बैटल में दिखेगा प्रतिभागियों का हुनर



कानपुर। सर पदमपत सिंहानिया स्कूल, कमला नगर में आज से दो दिवसीय नृत्य कार्यशाला शुरू हो रही है, इसमें डांस बैटल का आयोजन किया जा रहा है। [illegible] की ओर से आयोजित कार्यक्रम में देशभर से करीब 200 प्रतिभागी भाग लेने आ रहे हैं। यह जानकारी आयोजक [illegible] ने शुक्रवार को प्रेस क्लब में आयोजित प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि 22 व 23 दिसंबर को होने वाली इस नृत्य कार्यशाला में [illegible] सीजन 1 के प्रतिभागी [illegible] डांस की बारीकियां सिखाएंगे। इस डांस बैटल में विजेताओं का चयन भी करेंगे। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए स्पॉट [illegible] रजिस्ट्रेशन की भी सुविधा है। प्रतियोगिता के प्रथम विजेता को पांच हजार रुपये का नकद पुरस्कार मिलेगा। [illegible] मौजूद रहे। ब्यूरो

सीएसजेएमयू ▶ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट में दो दिवसीय फूड फेस्टिवल शुरू

# लोगों को भाया यूरोपियन जायका

अमर उजाला ब्यूरो


फूड फेस्टिवल में डिश के बारे में जानकारी लेते परीक्षक डॉ. अखिलेश सिंह।

कानपुर। छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में शुक्रवार से दो दिवसीय फूड फेस्टिवल की शुरुआत हुई। इंस्टीट्यूट ऑफ होटल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट में आयोजित कार्यक्रम के पहले दिन कॉन्टिनेंटल फूड (यूरोपीय भोजन) की सात डिश छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत कीं। उपस्थित लोगों को यूरोपियन जायके की खूब सराहना की। शनिवार को भारतीय व्यंजनों का प्रदर्शन किया जाएगा।

फूड फेस्टिवल की शुरुआत यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने की। उत्तराखंड ओपन यूनिवर्सिटी में होटल एंड टूरिज्म डिपार्टमेंट के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. अखिलेश सिंह बतौर परीक्षक कार्यक्रम में शामिल हुए। [illegible] सीजर सलाद और ग्रीक सलाद, रिसोटो राइस, पेने विद अल्फ्रेडो, पेने विद अरबियाता और गार्लिक ब्रेड का स्वाद लिया। रोहन यादव ने स्टार्टर, शुभम कनौजिया ने सलाद, आकाश और शुभम [illegible] ने अन्य डिश की तैयारी की। काजल, हर्षित, रिषी, अंकुर ने बताया कि पिना कोलाडा में अनानास के टुकड़े, जूस, नारियल डाला गया था। विभागाध्यक्ष डॉ. विवेक सिंह सचान ने कहा कि दो दिवसीय फूड फेस्टिवल का आयोजन प्रयोगात्मक ज्ञान बढ़ाने के लिए किया गया है। पूर्व आईएमए अध्यक्ष डॉ. प्रवीण कटियार, डॉ. भारती सिंह, सौरभ त्रिपाठी और पूजा सिंह मौजूद रहे।

अमर उजाला JobAlert safalta.com

## PGIMER: टेक्नीशियन सहित अन्य पद खाली

पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च



- पदों का विवरण: जूनियर टेक्नीशियन, स्टेनोग्राफर इत्यादि।
- पदों की संख्या: 99
- शैक्षणिक योग्यता: अलग-अलग पदों के लिए अलग-अलग निर्धारित योग्यताएं।
- आयु सीमा: अधिकतम 30/40 वर्ष (पदानुसार)।

www.pgimer.edu.in

- आवेदन प्रक्रिया: इन पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवार संबंधित वेबसाइट पर जाकर आवेदन की प्रक्रिया पूरी करें तथा भरे हुए आवेदन पत्र के प्रिंटआउट को निकालकर आगामी चयन प्रक्रिया के लिए सुरक्षित रख लें।
- आवेदन शुल्क: सामान्य/ओबीसी वर्ग के लिए 1,000 रुपये, एससी/एसटी वर्ग के लिए 500 रुपये व पीडब्ल्यूडी वर्ग के लिए नि:शुल्क।
- आवेदन की अंतिम तिथि: 08 जनवरी, 2019

## DEI: प्रोफेसर बनने के लिए करें आवेदन

दयालबाग एजुकेशनल इंस्टीट्यूट



- पदों का विवरण: असिस्टेंट प्रोफेसर और गेस्ट फैकल्टी (संविदा पर)
- पदों की संख्या: 54
- शैक्षणिक योग्यता: अलग-अलग पदों के लिए अलग-अलग निर्धारित योग्यताएं।

www.dei.ac.in

- आयु सीमा: उम्मीदवार की आयु का निर्धारण संस्थान के नियमानुसार किया जाएगा।
- आवेदन प्रक्रिया: संबंधित वेबसाइट पर जाकर आवेदन पत्र के निर्धारित प्रारूप को डाउनलोड करें और भरे हुए आवेदन पत्र तथा मांगे गए दस्तावेजों की स्व-प्रमाणित प्रतियों को संलग्न करके निर्धारित पते "द सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिस,दयालबाग एजुकेशनल इंस्टीट्यूट दयालबाग आगरा-282005" पर अंतिम तिथि 31 दिसंबर, 2018 से पहले भेजें।

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में बंपर भर्तियां

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तर प्रदेश

- पदों का विवरण: स्टाफ नर्स, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट इत्यादि। (संविदा पर)

10,977 कुल पद



- शैक्षणिक योग्यता: इन पदों पर आवेदन करने के लिए शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित है।
- आयु सीमा: इन पदों पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवार की न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु 40 वर्ष निर्धारित है।
- आवेदन प्रक्रिया: उम्मीदवार संबंधित वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया को पूरा करें। आगामी चयन प्रक्रिया के लिए ऑनलाइन आवेदन के प्रिंटआउट को सुरक्षित रख लें।
- आवेदन की अंतिम तिथि: 07 जनवरी, 2019

http://upnrhm.gov.in/

## DGCA: सेफ्टी इंस्पेक्टर बनने का मौका

- कहां: डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन
- पदों का विवरण: सीनियर केबिन सेफ्टी इंस्पेक्टर एवं केबिन सेफ्टी इंस्पेक्टर (संविदा पर)
- पदों की संख्या: 32
- शैक्षणिक योग्यता: मान्यताप्राप्त बोर्ड से 12वीं उत्तीर्ण का प्रमाण पत्र तथा अन्य निर्धारित योग्यताएं।
- आयु सीमा: अधिकतम आयु 50/60 वर्ष। (पदानुसार)
- आवेदन प्रक्रिया: इन पदों पर आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवार आवेदन पत्र के निर्धारित प्रारूप को सादे पेपर पर टाइप करके साधारण डाक से संस्थान के निर्धारित पते पर भेजें।
- पत्राचार का पता: ई-1 सेक्शन ए-ब्लॉक, डीजीसीए, अरबिंदो मार्ग,सफदरजंग एयरपोर्ट के सामने, नई दिल्ली-110003
- आवेदन की अंतिम तिथि: 17 जनवरी, 2019
- वेबसाइट: www.dgca.nic.in

## आज का सवाल

मैंने बीएड की परीक्षा उत्तीर्ण की है। इसके बाद क्या मैं सरकारी या निजी क्षेत्र में करियर बना सकती हूं? - आरजू वर्मा



जवाब: बीएड करने के बाद आपके लिए निजी व सरकारी दोनों क्षेत्रों में अनेक रास्ते खुल गए हैं। सरकारी क्षेत्र के तहत आप अपने रुझान के अनुसार [illegible] प्रवक्ता [illegible] आयोग और [illegible] आयोग द्वारा जारी नौकरियों में से किसी भी एक की तैयारी करके उस नौकरी को प्राप्त कर सकती हैं। इन सभी नौकरियों के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाता है। इसके अलावा आप निजी क्षेत्र में भी अपनी पसंद के अनुसार अच्छा करियर बना सकती हैं। [illegible] इत्यादि प्रमुख क्षेत्र शामिल हैं।

अपने सुझाव और सवाल हमें इस लिंक पर भेजें: www.safalta.com/ask
jobalert@amarujala.com
विजिट करें www.safalta.com और पाएं सरकारी नौकरी से जुड़ी नवीनतम जानकारियां



आईआईटी में 1985 बैच के छात्रों का समागम, दिनभर संस्थान के बारे में सोचा तो शाम को बिठूर की पार्टी में की मस्ती

# आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस में अभी सुधार की जरूरत

कानपुर | वरिष्ठ संवाददाता

आईआईटी, कानपुर के पूर्व छात्र और यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास में कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग विभाग के हेड प्रोफेसर गोपाल गुप्ता का कहना है कि पूरी दुनिया में इस समय आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) पर सर्वाधिक काम चल रहा है। अभी एआई का कॉमन सेंस कमजोर है। इसे सुधारने की जरूरत है। इस पर शोध चल रहा है और शीघ्र ही अच्छे परिणाम आएंगे। साथ ही कहा कि भारत पीएचडी के मामले में चीन से काफी पीछे है। यहां अच्छे पढ़ाने वाले शिक्षक नहीं मिल रहे। इसके लिए कोई व्यवस्था करनी होगी।

आईआईटी में 1985 बैच के छात्रों के समागम में भाग लेने आए प्रोफेसर गोपाल का कहना है कि एआई, साइबर सिक्योरिटी, मशीन लर्निंग और इंटरनेट ऑफ थिंग्स जैसे विषयों पर शोध सबसे ज्यादा किया जा रहा है। यह सभी भविष्य को देखते हुए बहुत उपयोगी हैं। इन्हीं में से मैंने एआई की फील्ड चुनी है। इसमें अभी बहुत कुछ किया जाना शेष है।

प्रोफेसर गुप्ता का कहना है कि अभी जो भी इनपुट कम्प्यूटर के पास होता है उसी से वह रिजल्ट निकाल लेता है। उदाहरण के लिए आपके सारे रिकार्ड देखने के बाद वह यह तो बता सकता है कि लोन दिया जाए या नहीं। पर यह नहीं बता सकता कि लोन क्यूं दिया जाए, क्यूं नहीं। पूर्व छात्र प्रोफेसर गोपाल ने कहा कि रैगिंग तो हमारे समय से हो रही है पर यह सभ्य होती थी। नियम था कि कोई किसी को टच नहीं करेगा।

**ट्रंप के मुकाबले मोदी गंभीर :** पूर्व छात्र ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और भारत के प्रधानमंत्री मोदी में मुद्दों को लेकर काफी समानताएं हैं लेकिन मोदी की शैली काफी अलग है।



शनिवार को आईआईटी में 1985 बैच के छात्र जब इकट्ठा हुए तो मौज-मस्ती के बाद सभी ने यादगार फोटो भी कराई।

## ...फिर देंगे गुरुदक्षिणा

आईआईटी, कानपुर के 1985 बैच के पूर्व छात्रों के समागम में संस्थान की अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर गिरती रैंकिंग पर चर्चा हुई। पूर्व छात्रों का कहना था कि इसके लिए अकेला आईआईटी नहीं बल्कि डूबता शहर भी जिम्मेदार है। इससे निराश होने की जरूरत नहीं है। पूर्व छात्र संस्थान की कमियों को दूर कर इसे शिखर पर ले जाएंगे। 1985 बैच के पूर्व छात्र और धर्मपाल प्रेम चंद्र लिमिटेड के वाइस चेयरमैन रंदीप भसीम ने कहा कि पूर्व छात्रों ने संस्थान को देखा है। कई मुद्दों पर अनौपचारिक रूप से चर्चा भी हुई है। जो समस्याएं सामने आई हैं उस पर केवल चर्चा से अच्छा है कुछ बेहतर किया जाए। इस पर सहमति बन रही है। संस्थान की रैंकिंग से लेकर अन्य समस्याओं को हल करने के प्रयास करेंगे। निदेशक, उप निदेशक सभी विदेश में हैं।

## अमेरिका पत्थर से निकाल रहा तेल



आईआईटी एल्युमिनाई ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कमीशन के मुख्य महाप्रबंधक पुनीत किशोर ने बताया कि अमेरिका ने तेल निकालने की एक नई तकनीक खोजी है जिसे फ्रैकिंग टेक्नालॉजी कहते हैं। इससे पत्थरों से तेल निकाला जा सकता है। अमेरिका को इसमें काफी सफलता मिल गई। इसका असर यह हुआ कि मध्य एशियाई देश मुख्य रूप से सऊदी अरब में जिस तेल शोधन संयंत्र पर हमला हुआ उसका वैश्विक असर नहीं पड़ा जो संभावित था।

## आईआईटी-दिल्ली के लिए जुटाएंगे 7000 करोड़



आईआईटी कानपुर के एल्युमिनाई और वर्तमान में आईआईटी दिल्ली में डीन एल्युमिनाई अफेयर्स एण्ड इंटरनेशनल प्रोफेसर संजीव सांगवी ने कहा कि वह आईआईटी दिल्ली के लिए 7000 करोड़ का एंडोवमेंट फंड (अक्षय निधि) जुटा रहे हैं। इसका निवेश किया जाएगा। जो भी इससे धनराशि मिलेगी उसे पूर्व छात्रों की सलाह पर आईआईटी दिल्ली में लगाया जाएगा। इससे आईआईटी दिल्ली को स्थायी रूप से धनराशि मिलती रहेगी।

## लिडार तकनीक से मुट्ठी में जंगल



हरियाणा के अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक विनोद कुमार का कहना है कि टेक्नालॉजी विस्तार से अब पूरा जंगल मुट्ठी में है। उन्होंने बताया कि लिडार तकनीक से हमने फ्रांस में जंगल का थ्री डी मॉडल तैयार किया। सेटेलाइट की मदद से जंगल की हर वनस्पति आदि को नजदीक से देखा जा सकता है। इसमें खास बात यह है कि अगर इस मॉडल में हम किसी पौधे को टच करें तो उसके बारे में पूरी जानकारी मिल सकती है।

# ‘अरबन टोकरी’ ताजी सब्जियां पहुंचाएगी घर

कानपुर | वरिष्ठ संवाददाता

अब आपके घर सीधे खेत से ताजी सब्जियां और अनाज पहुंच सकेगा। इसकी पहल आईआईटी, कानपुर के छात्रों ने ‘अरबन टोकरी’ नाम से की है। शनिवार को इस हाट का उद्घाटन आईआईटी कानपुर के पूर्व छात्र और वर्तमान में एनएचआई प्रमुख नागेंद्र नाथ सिंह ने किया।

अरबन टोकरी आईआईटी, कानपुर में सिक के माध्यम से एग्नी वेस्ट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड से की है। इसमें खेत से सीधे थाली तक खाना पहुंचाने के सिद्धांत को अपनाया गया है। यह एक ऐसा मॉडल है जिसमें खेत से ताजी सब्जियां और अनाज सीधे आपके घर पर डिलीवर किए जाएंगे।

**पांच गांव लिए गोद :** उन्नत भारत अभियान, आईआईटी, कानपुर के तहत पांच गांवों को गोद लिया गया है। इस मॉडल के जरिए किसानों को मार्केट उपलब्ध कराने की कोशिश की गई है।

**पहल**

- आईआईटी कानपुर के छात्रों ने इस हाट का किया उद्घाटन
- खेत से सीधे खाना थाली तक पहुंचाने का सिद्धांत अपनाया गया

अभी तक 100 से ज्यादा किसानों को इस मॉडल में जोड़ लिया गया है। वे सब्जियां, मसाले, अनाज आदि उपलब्ध कराएंगे।

**संस्थान से की शुरुआत :** किसान मेला लगाकर इस कड़ी की शुरुआत आईआईटी कानपुर से की गई। यह मेला सोमवार को भी लगा रहेगा। 2000 से अधिक लोग इस मेले में आ चुके हैं और यहां किसानों से सीधे ताजी सब्जियां खरीद चुके हैं।

कंपनी इसके लिए एक एप को भी लांच कर रही है ताकि लोग इसकी सुविधा का लुफ्त उठा सकें। आईआईटी कानपुर में सफल होने के बाद इसकी शुरुआत व्यापक स्तर पर की जाएगी।

# शताब्दी वर्ष की करें तैयारी, विवि करेगा मदद

**एचबीटीयू**

कानपुर | वरिष्ठ संवाददाता

एचबीटीआई (अब एचबीटीयू) अगले साल शताब्दी वर्ष में शामिल हो जाएगा। शनिवार को यहां 15वीं एल्युमिनाई मीट में यहां देश-विदेश से पूर्व छात्र अपने संस्थान आए और शताब्दी वर्ष समेत विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा बढ़ाने और पर्यावरण सुधार पर भी चर्चा की। इसमें 1948 बैच के बुजुर्ग छात्र अगम स्वरूप खन्ना भी शामिल हुए।

एचबीटीयू हॉल में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री व विज्ञान टेक्नालॉजी राज्य मंत्री नीलिमा कटियार ने कहा कि किसी भी संस्थान की ताकत उनके पूर्व छात्र होते हैं। यह एक तरह से सेफ डिपाजिट के रूप में हैं। कृतज्ञता हमारी पहचान बननी चाहिए। यह हमारे अंदर सकारात्मकता लाती है। उन्होंने शताब्दी वर्ष का लोगो क्लिक कर जारी किया।

एचबीटीयू के कुलपति प्रोफेसर एनबी सिंह ने कहा कि संस्थान का स्वर्णिम अतीत रहा है। पूर्व छात्रों के साथ जिस तरह से संस्थान रहा है, वैसे ही यह विश्वविद्यालय भी रहेगा। केरल पुलिस में आईजी और एसोसिएशन के सचिव बलराम उपाध्याय ने कहा कि हमारे पूर्व छात्र थाइलैंड, अमेरिका समेत अनेक देशों में हैं। एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रो. ओंकार सिंह, डॉ. आरपी सिंह, पूर्व अध्यक्ष मुनीश जैन और प्रोफेसर रघुराज सिंह ने विचार व्यक्त किए। संचालन श्री उस्मानी ने किया। प्रोफेसर आरके त्रिवेदी ने पूर्व छात्रों की जानकारी दी। वहीं, 1969 बैच के केमिकल इंजीनियरिंग ब्रांच के पूर्व छात्र प्रोफेसर कृष्णा देव प्रसाद निगम और 1980 बैच के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग ब्रांच के पूर्व छात्र डॉ. आशुतोष कर्नाटक को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड दिया गया।


शनिवार को एचबीटीयू में 15वीं एल्युमिनाई मीट में 1995 बैच के छात्रों ने मस्ती कर अपने स्कूल टाइम को जूनियरों से साझा किया। • हिन्दुस्तान

**एल्युमिनाई स्कॉलरशिप अवार्ड** बीटेक इलेक्ट्रिकल दूसरे वर्ष में पढ़ाई कर रहीं सांभवी सिंह, इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग की प्रियांशी ओमर और मेकेनिकल इंजीनियरिंग के मयंक चौधरी को एल्युमिनाई स्कॉलरशिप अवार्ड से नवाजा गया।

## नैतिकता होती जा रही कम



दुनिया में अमेरिका से लेकर भारत तक के लोगों में नैतिकता कम होती जा रही है। राजनीतिज्ञ भ्रष्टाचार में जेल जा रहे हैं। वजह शिक्षा में नैतिकता का समावेश न करना है।

-अगम स्वरूप, छात्र (1948 बैच)

## वरदान दोस्ती एप किया लांच



1993 बैच का छात्र हूं। मैंने पूर्व छात्रों को जोड़ने के लिए ‘वरदान दोस्ती का’ एप लांच किया। एप इतना अच्छा है कि लोकेशन के साथ उनका पूरा विवरण मैप पर ही बता देता है।

-प्रवीन गुप्ता, सीईओ, क्रीडेनटेक

## अभी बदलाव की जरूरत



1870 बैच का छात्र रहा हूं। अभी बदलाव की काफी जरूरत है। यूनिवर्सिटी बन गई है लेकिन अभी सरकारी तंत्र काफी है जिसके चलते मुश्किलें आती हैं।

-मुनीष जैन, पूर्व अध्यक्ष, एल्युमिनाई एसो.

## एसोसिएशन को दिए 6 लाख



मैं 1969 बैच का हूं। जब से अमेरिका गया आज पहली बार आया हूं। हमने और मेरी पत्नी ने एल्युमिनाई एसो. को छह लाख दिए हैं। इससे एक छात्र को 3 हजार स्कॉलरशिप मिलेगी।

-ब्रिज नाथ शर्मा, अमेरिका

# परमाणु प्रौद्योगिकी की दी जानकारी

कानपुर। यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग (यूआईईटी) में भाभा परमाणु अनुसंधान संस्थान (बार्क) ने संस्थान में शनिवार को परमाणु प्रौद्योगिकी पर संगोष्ठी का आयोजन किया। बार्क के वैज्ञानिक आरके सिंह ने ऊर्जा उत्पादन से लेकर कृषि उत्पादन और चिकित्सा के क्षेत्र में परमाणु तकनीक के बारे में जानकारी दी। संगोष्ठी में संस्थान के निदेशक डॉ.रवींद्रनाथ, डॉ. रेणु जैन, डॉ. विनय सचान, विजय कश्यप, डॉ. उमेश शर्मा आदि रहे।

# महिला अपराधों का करें मुकाबला

कानपुर। महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों पर नियंत्रण जरूरी है। इसके लिए महिलाओं को चाहिए कि वह ऐसे गंभीर मामलों में चुप्पी साधने के बजाय विरोध करें।

ये बातें शनिवार को कानपुर विद्या मंदिर, स्वरूप नगर में उड़ान एक आशा फाउंडेशन की अध्यक्ष संगीता सेंगर ने महिला अपराधों के विषय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कहीं। विद्यालय में क्राइम अगेंस्ट वूमेन शीर्षक से नाटक का मंचन किया गया।

नाटक के माध्यम से संदेश दिया गया कि महिलाएं व बेटियां घर, सार्वजनिक स्थल और ऑफिस कहीं पर भी हिंसा और छेड़छाड़ का शिकार हो सकती हैं। साथ ही उन्हें उनके अधिकार भी बताए गए। इस अवसर पर डिंपल, अपर्णा, कोपल, पल्लवी, अंशुल, वंदना, रूबी, शालू समेत आदि लोग मौजूद रहीं।

# एनएसआई और मिस्र के बीच चीनी तकनीक पर समझौता



कानपुर। राष्ट्रीय शर्करा संस्थान (एनएसआई) अब मिस्र की चीनी मिलों की तकनीकी दक्षता सुधारेगा। इस संदर्भ में एनएसआई और मिस्र की असुईट यूनिवर्सिटी की फैकल्टी ऑफ शुगर एण्ड इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रीज टेक्नालॉजी के बीच मिस्र में आयोजित समारोह में आपसी समझौते पर हस्ताक्षर हुए। एनएसआई के निदेशक प्रो. नरेंद्र मोहन और मिस्र की यूनिवर्सिटी के प्रो. तारिक अब्दुल्लाह ने हस्ताक्षर किए।

# 60 % से अधिक बीमारी लाइफ स्टाइल बदलने से

कानपुर | हिन्दुस्तान संवाद

**सीएसजेएमयू**

- कम पानी पीने से हो रहीं यूरीनरी ट्रैक्ट व किडनी की बीमारियां
- वेलनेस कान-2019 स्वस्थ जीवन शैली व योग पर हुआ व्याख्यान

60 प्रतिशत से अधिक बीमारियां लाइफ स्टाइल के बदलने और उससे जोड़ी हुई है। स्वस्थ जीवन के लिए लोगों को प्राकृति के बीच जाना बेहद जरूरी है, जो वर्तमान में नहीं हो रहा है। ऐसे में व्यक्ति बीमारियों की चपेट में अधिक आ रहे हैं। ये बातें शनिवार को छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ साइंसेज व सामाजिक संस्था प्रयत्न के वेलनेस कान-2019 की ‘स्वस्थ जीवन शैली एवं योग’ पर व्याख्यान में मुख्य अतिथि किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ के प्रो. एमएलबी भट्ट ने कहीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ के प्रो. एमएलबी भट्ट, कुलपति कानपुर विश्वविद्यालय प्रो. नीलिमा गुप्ता, प्रयत्न संस्था के अध्यक्ष प्रो. एसपी सिंह, पूर्व विभागाध्यक्ष स्त्री व प्रसूति रोग विभाग जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज प्रो. मीरा अग्निहोत्री, डॉ. मधु लुम्बा, डॉ. विनोद कुमार सिंह, प्रो. संजय स्वर्णकार व डॉ. प्रवीन कटियार ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रो. एमएलबी भट्ट ने कहा कि स्वास्थ्य और लंबे जीवन के लिए पर्याप्त भोजन के साथ शुद्ध पानी चाहिए। आजकल व्यक्ति बहुत कम पानी पी रहे हैं, जिससे यूरीनरी टैक्ट व किडनी की बीमारियां बढ़ी हैं। स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्राकृतिक जीवन बिताना जरूरी है। व्यक्ति को कम से कम 6 घंटे की गहरी नींद लेनी चाहिए।



‘स्वस्थ जीवन शैली एवं योग’ का दीप जलाकर शुभारंभ करतीं प्रो. नीलिमा गुप्ता व अन्य।

## विटामिन डी की कमी से हो रहीं बीमारियां

प्रो. एमएलबी भट्ट ने बताया कि अब व्यक्ति धूप से बचने के लिए लोशन इत्यादि लगाते हैं जबकि धूप लेना विटामिन डी की सिंथेसिस के लिए जरूरी है। यदि व्यक्ति 40 दिन सूर्य की धूप 40 मिनट लेता है तो उसमें पूरे वर्षभर की विटामिन डी की सिंथेसिस हो जाती है। प्रो. नीलिमा गुप्ता, अब्दुल शाकिर अंसारी, इन्द्रजीत, सौरभ, दिपन्निता अवस्थी, सुमित, विशाल, आफताब, पीयूष कान्हा, सत्यम, डॉ. उमेश पॉलीवाल, डॉ. एसी अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, राजीव बाजपेयी, डॉ. अजय गुप्ता, डॉ. शाश्वत कटियार, डॉ. संदीप कुमार सिंह आदि रहे।

## कैम्पस लाइव




### गेम्बुसिया मछली से रोक सकते है डेंगू मच्छर

कानपुर। सिविल लाइंस स्थित डीएवी कॉलेज के जंतु विभाग में 75 वर्ष विभाग के पूर्ण होने पर कीटों का जैविक नियंत्रण शीर्षक पर एक व्याख्यान का आयोजन किया। इसमें डेंगू मच्छर को रोकथाम के लिए आसान प्राकृतिक उपायों की जानकारी भी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रचार्या डॉ. अमित कुमार श्रीवास्तव ने किया। मुख्य वक्ता आईआईपीआर कानपुर के पूर्व प्रिंसिपल साइंटिस्ट व हेड डॉ. हेम सक्सेना ने कहा कि जैविक तरीकों से कीटों के नियंत्रण के कुछ आसान उपाय बताए। विभागाध्यक्ष डॉ. पंकज टंडन, डॉ. बीएस आजाद, डॉ. एमके सिन्हा, डॉ. सभ्यता, डॉ. चन्द्रसौरभ, डॉ. निशा सिंह, डॉ. अमर सिंह, डॉ. निर्भय सिंह आदि रहे।



### बच्चों ने किया सुपोषण के लिए जागरूक

सरसौल। नर्वल के राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में शनिवार को बाल पोषण मेले का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के बच्चों ने अपने स्टॉल के माध्यम से सुपोषण के लिए आहार और महिला अपराधों के लिए लोगों को जागरूक किया। मेले का शुभारंभ भाजपा नेता सुरेंद्र अवस्थी ने किया। इसके बाद उन्होंने बच्चों द्वारा लगाए गए अलग-अलग स्टॉलों में घूम-घूमकर बच्चों को प्रतिभा को देखा। मेले में बच्चों ने अलग-अलग स्टॉल लगाए। पहले स्टॉल में बच्चों ने पोषण अभियान के लिए जागरूक किया। दूसरे स्टॉल में बच्चों ने महिलाओं के लिए महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड वूमेन हेल्पलाइन 1098 और छेड़छाड़ के विरुद्ध 1090 और डायल 112 के बारे में बताया।



### छात्राओं ने चित्रकला में दिखाया अपना हुनर

कानपुर दक्षिण। किदवईनगर स्थित महिला महाविद्यालय में श्रीराम चरित्र मानस की जयंती पर आयोजित तीन दिवसीय चित्रकला प्रतियोगिता के समापन पर छात्राओं ने रंगों से श्रीराम की लीला दर्शायी। छात्राओं न अलग-अलग चित्र बनाकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय शिखर संघ के सचिव योगेश श्रीवास्तव ने प्रतिभागी छात्रों के बनाए चित्रों का अवलोकन किया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. बीआर अग्रवाल, डॉ. अभिलाषा चौधरी, कुसुम अवस्थी, डॉ. वंदना शर्मा, दीप कुमार मिश्रा, अभिलाषा शुक्ला, डॉ. दीप्ति पांडेय, डॉ. सरिता शर्मा आदि मौजूद रहीं।



### पीसीएस 2017 में चयनित प्रशासक सम्मानित

कानपुर। सिविल लाइंस स्थित मर्चेंट चेम्बर हॉल में उत्कर्ष अकादमी से वर्ष 2017 में पीसीएस में चयनित प्रशासकों का उत्कर्ष गौरव अलंकरण सम्मान हुआ। शनिवार को समारोह में आठ लोगों ने यह सम्मान प्राप्त किया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री नीलिमा कटियार, एमएलसी अरुण पाठक, डॉ. प्रदीप दीक्षित व अलका दीक्षित ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उत्कर्ष अकादमी के निदेशक डॉ. प्रदीप दीक्षित ने कहा कि सफलता के लिए परिसिस्टेंस सर्वाधिक आवश्यक है। अलका दीक्षित ने कहा कि उत्कर्ष अकादमी का प्रत्येक युवा हमारे लिए संतान जैसा है।

हिन्दुस्तान स्मार्ट बाज़ार
कदम हमारा साथ आपका
विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें: 8299817696

* होम लोन * पर्सनल लोन * मुद्रा लोन * प्रापर्टी लोन *
तुरन्त लोन
जैसी जरूरत वैसा लोन
• होम लोन • पर्सनल लोन
• प्रोजेक्ट लोन • बिजनेस लोन • मुद्रा लोन
सम्पर्क करें लोनवाला
8299154471
Email: loanwala.knp@gmail.com

मेडिकल डायरेक्ट्री
विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें: 8299817696

चाँद जवाहर मोहरा
लो ब्लड प्रेशर और हाई ब्लड प्रेशर में राहत देता है।
बुढ़ापे की उम्र में
मानसिक कार्य करने में
काम करने में, जीना चढ़ने में सास फूलती है उसमें राहत देता है।
लम्बी बीमारी में
चाँद औषधालय
बिक्री केन्द्र: 38/101, मेस्टन रोड, (शीशवाला मन्दिर) कानपुर
हेल्पलाइन नं. 09956590556
डाक से मंगायें मो. 8573001045 मिलायें

डा0 अतुल मिश्रा
पूरे शरीर की मशीन द्वारा जॉच व परामर्श निःशुल्क
9889970047, 9450768256
डा0 हैरिंग रेकमेण्डेड जर्मन होम्यो दवाखाना
गुर्दा पथरी | लीवर | नपुंसकता | पुराना बुखार | फैटी लीवर | पेट रोग | कोलाईटिस
कानपुर: मंजुश्री टाकीज के बगल में, घण्टाघर
उन्नाव: सुन्दर टाकीज के बगल में, सहारा के नीचे
लखनऊ: चित्रहार बिल्डिंग ग्राउण्ड फ्लोर, नवल किशोर रोड (प्रिन्स कॉम्पलेक्स के सामने) हजरतगंज

एक बार जरूर मिलें सुबह 10 से 8 बजे तक
डा. गुप्ता क्लीनिक
गुप्त रोग, यौन रोग एवं निःसन्तानता
शुगर एवं शराब से शारीरिक कमजोरी का उचित उपचार
प्रत्येक शनिवार उरई एवं रविवार फतेहपुर
मो0: 9795202727, 7310202727, www.drguptasexclinic.in/com
चावला मार्केट चौराहा, LG शोरूम के बगल में, गोविन्द नगर, कानपुर

+ AASTHA HOSPITAL +
NURSING & PARAMEDICAL COLLEGE
Singhpur Kanpur-208017
Admission Open For
1. GNM 2. ANM 3. OT. TECH 4. ETCT
Contact No.: 9415044878, 7704008240, 7704993305

# Head
# Department of Zoology

To

Prof. Hem Saxena
(Retd. Senior Scientist)
Indian Institute of Pulses Research
Kanpur

Dt: 19/11/2019

Madam

It gives me immense pleasure to inform you that our college is celebrating its centenary year. Adding to this Our Department also completed its platinum year. In this connection our institution is organizing a Lecture series for student and teachers.

I would like to cordially invite you to our department to speak on “Biological control of Insects”. The official opening ceremony will take place on November 23 at 11.30 A.M. at the Lecture Theatre of Department of Zoology, D.A-V College, Kanpur.

I would be honored if you take part in the ceremony and share your expertise on the topic with our participants. Your knowledge would be an excellent addition to our program.

Please, do not hesitate to contact me if you have any query. Looking forward to hearing back from you.

Sincerely.

Pankaj Tandon

**D.A-V Degree College, Civil Lines, Kanpur 208001**
**Phone: 0512-2306687 E-mail: zoology75dav@gmail.com**


CENTENARY YEAR CELEBRATION D.A-V COLLEGE, KANPUR
AND
PLATINUM YEAR OF DEPARTMENT OF ZOOLOGY
(1943-2019)
UNDER THE CENTENARY YEAR SPECIAL LECTURE SERIES
ON
BIOLOGICAL CONTROL OF INSECTS
BY PROF. HEM SAXENA
NOVEMBER 2019 AT 11.30 AM


AND
PLATINUM YEAR OF DEPARTMENT OF
(1943-2019)
UNDER THE CENTENARY YEAR SPECIAL LECTURE SERIES
ON
BIOLOGICAL CONTROL OF INSECTS
BY PROF. HEM SAXENA
NOVEMBER 2019
30 AM
ORGANISED BY:
COLLEGE, KANPUR
PATRON
HEAD
DR. AMIT K. SRIVASTAVA




## एक नजर में

### नौवीं कक्षा में प्रवेश के लिए 10 दिसंबर तक करें आवेदन

कानपुर: जवाहर नवोदय विद्यालय में वर्ष 2020-21 में नौवीं कक्षा में प्रवेश के लिए सभी छात्र-छात्राएं 10 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं। शनिवार को यह जानकारी जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. कृष्ण मिश्रा ने दी। उन्होंने बताया आवेदन के लिए नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट- www.nvsadmissionclassnine.in से भी जानकारी ले सकते हैं। बोले प्रवेश के लिए एंट्री सेलेक्शन टेस्ट परीक्षा आठ फरवरी 2020 को होगी। (वि.)

### इनपुट डीलर करेंगे 48 दिनों का कोर्स

कानपुर: कीटनाशक लाइसेंस धारकों को डिप्लोमा इन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन सर्विसेज फॉर इनपुट डीलर के लिए 48 दिन का कोर्स अनिवार्य किया गया है। जिला कृषि रक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि धारकों को योग्यताओं का पालन करने के लिए तीन वर्ष की छूट दी गई है। यह छूट एक फरवरी को समाप्त हो जाएगी। (जास)

### लाठीचार्ज पर रालोद ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

कानपुर: राष्ट्रीय लोकदल द्वारा उन्नाव में अधिगृहित भूमि व मुआवजा मांग कर रहे किसानों पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज सहित अन्य समस्याओं को लेकर राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित किया है। अध्यक्ष मोहम्मद उस्मान ने कहा कि प्रदेश में जंगलराज है। (वि.)

# बच्चों की थाली से हरी सब्जियां हुईं गायब

## जागरण टीम की पड़ताल में सामने आई तमाम खामियां, मिडडे मील वितरण के नाम पर हो रही खानापूरी

**जागरण पड़ताल**

जागरण संवाददाता, कानपुर: प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों को परोसे जा रहे मिड-डे मील में खानापूरी की जा रही है। तमाम स्कूल ऐसे हैं जहां मेन्यू के हिसाब से खाना ही नहीं बन रहा। शनिवार को जागरण टीम ने स्कूलों की पड़ताल की तो तमाम जगह खामियां नजर आईं। मेन्यू के हिसाब से बच्चों को हरी सब्जी, सोयाबीन और चावल परोसा जाना था, लेकिन एक भी स्कूल ऐसा नहीं मिला जहां मेन्यू का पालन किया गया हो।

जागरण टीम अलग-अलग ब्लॉक के हथेई, भेलसा, आकिन और अरौल प्राथमिक विद्यालय में लंच के समय पहुंची। मिड-डे मील की हकीकत देखी तो सामने आया कि चारों विद्यालयों में जो सब्जी परोसी गई है, उनमें हरी सब्जियां तो नाममात्र भी नहीं हैं। आकिन के विद्यालय में चावल ही नहीं बना था। शिक्षकों ने बताया कि कोटेदार समय से चावल नहीं देते।

> जिन स्कूलों में मेन्यू के मुताबिक खाना नहीं परोसा गया, उनकी जांच कराएंगे। कोटेदार से पूछेंगे कि समय से चावल क्यों नहीं दिया जा रहा है।
> प्रवीणमणि त्रिपाठी, बीएसए

**समय : दोपहर 12 :39 बजे**

प्राथमिक विद्यालय भेलसा : स्कूल में बच्चे खाना तो खाते मिले लेकिन उनकी थाली में निर्देशानुसार दी जाने वाली हरी सब्जी और सोयाबीन नहीं मिला। स्कूल में हर दिन के हिसाब से खाना बनाने के लिए एक तय मेन्यू है लेकिन उसका पालन नहीं किया जा रहा था।

**समय : दोपहर 1 :00 बजे**

प्राथमिक विद्यालय हथेई : स्कूल में कुल 139 बच्चे पंजीकृत हैं, लेकिन मिड-डे मील के दौरान यहां मात्र 60 बच्चे ही मिले। बच्चों की थाली में आलू और कद्दू की रसेदार सब्जी परोसी गई थी, लेकिन मेन्यू के हिसाब से खाना नहीं बनाया गया। सब्जी में सोयाबीन नहीं मिला।

**समय : दोपहर 1 :07 बजे**

प्राथमिक विद्यालय आकिन : बच्चे रोटी सब्जी खाते दिखाई दिए। शिक्षकों ने बताया कोटेदार ने अभी चावल नहीं दिया।

**समय : दोपहर 1 :11 बजे**

प्राथमिक विद्यालय अरौल : यहां बच्चों को मेन्यू के हिसाब से खाना तो मिला, लेकिन थाली से हरी सब्जी गायब रही।

निरीक्षण भी बेमानी : हैरानी की बात तो ये है कि अफसरों के निरीक्षण में पहले भी इस तरह की कई खामियां सामने आ चुकी हैं, लेकिन इन्हें आज तक दुरुस्त नहीं किया गया। मजबूरन बच्चे गुणवत्ता विहीन खाना खाने को मजबूर हैं।



बिधनू जामू प्रथम प्राथमिक स्कूल में सब्जी चावल खाते बच्चे • जागरण



प्राथमिक विद्यालय मकसूदाबाद में आलू बैंगन की सब्जी और चावल खाते बच्चे • जागरण

# अधिवक्ता और उसके बेटे ने मिलीभगत से किया इन्कार

**फर्जी शस्त्र लाइसेंस प्रकरण**

जासं, कानपुर : फर्जी शस्त्र लाइसेंस मामले में आरोपित नौबस्ता निवासी अधिवक्ता व उसके बेटे ने शनिवार को कोतवाली पहुंचकर एसआइटी (स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम) को बयान दर्ज कराए। दोनों ने लिपिक व कारीगरों से जान पहचान होने की बात कही लेकिन लाइसेंस बनवाने में मिलीभगत की बात से इन्कार कर दिया। अगले सप्ताह एसआइटी इस मामले में आरोप पत्र दाखिल करेगी।

77 फर्जी शस्त्र लाइसेंस बनवाने के मामले में असलहा बाबू विनीत तिवारी और कारीगर जितेंद्र के न्यायालय में आत्मसमर्पण करने के बाद पुलिस अब तक दो कारीगरों विशाल, मुकुल और अधिवक्ता के मुंशी जयकिशन उर्फ जैकी को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। मामले की जांच कर रही एसआइटी ने आरोपितों के मोबाइल नंबरों की कॉल डिटेल व लोकेशन के आधार पर नौबस्ता निवासी अधिवक्ता व उसके बेटे को भी आरोपित बनाया था। लेकिन पकड़े जाने से पहले पिता-पुत्र ने हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत ले ली थी। एसआइटी के सीओ राजेश पांडेय ने बताया कि जेल में बंद आरोपितों और अधिवक्ता व उनके बेटे के बीच बातचीत होने के सुबूत हैं। आरोपितों के बयान दर्ज किए गए हैं। दोनों ने अपनी भूमिका होने से इन्कार किया है। अब जल्द ही केस में आरोप पत्र दाखिल किया जाएगा।

## कैसे मिले इंसाफ, वर्ष भर पुरानी विवेचनाएं भी लंबित

जागरण संवाददाता, कानपुर : पीड़ितों को आखिर इंसाफ कैसे मिले? जब थानों के इंस्पेक्टर व दरोगा विवेचनाएं ही ठीक से समय पर पूरी नहीं कर रहे। वर्ष 2019 बीतने वाला है लेकिन अब तक जिले में पिछले वर्ष की ही करीब डेढ़ सौ से ज्यादा विवेचनाएं लंबित पड़ी हैं। तीन दिन बाद एडीजी भी इन पुरानी विवेचनाओं की समीक्षा करेंगे। तब लापरवाही करने वालों पर कार्रवाई हो सकती है। शासन की ओर से मुकदमों की विवेचना गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से करने के आदेश हैं। लेकिन थाना स्तर पर जमकर लापरवाही बरती जा रही है। जिला पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक अक्टूबर तक जिले में पिछले वर्ष की करीब 160 विवेचनाएं अब तक पूरी नहीं हुईं। सूत्रों ने बताया कि दो वर्ष से ज्यादा वक्त से भी दो दर्जन से ज्यादा विवेचनाएं बाकी हैं। जबकि छह माह से ज्यादा अवधि की करीब 800 विवेचनाएं हैं। एडीजी जोन प्रेम प्रकाश ने बताया कि 26 नवंबर को छह माह या उससे ज्यादा अवधि से लंबित विवेचनाओं की समीक्षा की जाएगी।

# डेंगू से पांच और मौतें, मरने वालों की संख्या हुई 137

## सरकारी अस्पतालों एवं नर्सिंग होम में 67 डेंगू और बुखार पीड़ित भर्ती, अफसरों पर लग रहे हैं आकड़े छिपाने के आरोप

जागरण संवाददाता, कानपुर: डेंगू से मौतें थम नहीं रही हैं। अब तो स्वास्थ्य महकमे के अफसर डेंगू से मौत पर कार्रवाई की जहमत भी नहीं उठाते हैं। विगत 24 घंटे में डेंगू से पांच मरीजों की मौत हो गई, जबकि 67 डेंगू और बुखार पीड़ित सरकारी अस्पतालों और नर्सिंग होम में भर्ती कराए गए। डेंगू की चपेट में आकर अब तक 137 लोग दम तोड़ चुके हैं। फिर भी महकमे के अफसर आंकड़े छिपाने से बाज नहीं आ रहे हैं।

जिले में डेंगू के पिछले सारे रिकार्ड टूट चुके हैं। मौतें लगातार हो रही हैं। इसे महामारी बनाने के दोषी अधिकारियों पर आज तक कार्रवाई नहीं हुई। चकेरी निवासी 49 वर्षीय सीमा कुरील को चार दिन से बुखार आ रहा था। स्वजनों ने हरजेंदर नगर स्थित नर्सिंग होम में भर्ती कराया, वहां डेंगू संक्रमण का पता चला। इलाज के दौरान शनिवार सुबह उनकी मौत हो गई। इसी तरह घाटमपुर निवासी 87 वर्षीय शीला देवी को बुखार था। निजी लैब में डेंगू की पुष्टि हुई। सांस लेने में दिक्कत पर शुक्रवार को एलएलआर (हैलट) इमरजेंसी में भर्ती कराया, जहां मौत हो गई। स्वजनों के मुताबिक डॉक्टरों ने डेंगू शॉक सिंड्रोम से मौत की बात कही है। हैलट इमरजेंसी में फतेहपुर के हुसैनगंज निवासी 50 वर्षीय अशोक त्रिवेदी कई दिनों से बीमार थे। स्वजन उन्हें गांव से रामादेवी स्थित नर्सिंग होम लेकर पहुंचे, जहां डेंगू की पुष्टि हुई। जब उनकी हालत बिगड़ गई तो शुक्रवार रात हैलट इमरजेंसी में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान सुबह मौत हो गई। कानपुर देहात के मंगलपुर निवासी 55 वर्षीय महेश मिश्रा को कई दिन से बुखार था। निजी लैब में डेंगू की पुष्टि हुई तो नर्सिंग होम में भर्ती कराया। पेट और शरीर में सूजन होने शुक्रवार को हैलट लेकर पहुंचे, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

भीतरगांव के बेहटा बुजुर्ग निवासी राज कुमार पाल के 13 वर्षीय पुत्र अमित उर्फ बाबू को चार दिन पहले बुखार आया था। पास के डॉक्टर को दिखाया पर राहत नहीं मिलने पर तीन दिन पहले नौबस्ता स्थित नर्सिंग होम में भर्ती कराया। शनिवार सुबह हालत बिगड़ने पर हैलट अस्पताल के लिए रिफर कर दिया, लेकिन रास्ते में अमित की मौत हो गई।

जिले में 1792 को डेंगू: जिले में 1792 मरीजों में डेंगू की पुष्टि हुई है। इसमें से 1457 शहर के, जबकि 170 ग्रामीण क्षेत्र के हैं। इसमें से 165 मरीज अज्ञात हैं।

मंडलायुक्त की डांट पर डेंगू से मौत हुई 13: मंडलायुक्त की फटकार के बाद डेंगू से मौत का आंकड़ा बढ़ने लगा है। अभी तक स्वास्थ्य महकमे के अफसर मौतों को झुठला रहे थे। अब डेंगू से मौत की संख्या 5 हो गई है, जबकि डेंगू जैसे लक्षण से मौत की संख्या 8 हो गई है।

## सीएमओ बोले-नर्सिंग होम में गलत इलाज से हो रहीं मौतें

जागरण संवाददाता, कानपुर : डेंगू जिले में महामारी बन गया है। बचाव एवं रोकथाम से हाथ खड़े कर चुके सीएमओ डॉ. अशोक शुक्ला यह स्वीकार कर रहे हैं। उनका कहना है कि शुरुआत में अफसरों एवं कर्मचारियों की लापरवाही से स्थिति भयावह हो गई।

शनिवार को उर्सला अस्पताल में प्रेसवार्ता के दौरान सीएमओ डॉ. अशोक शुक्ला से जब डेंगू से लगातार हो रही मौतों पर कार्रवाई के बाबत सवाल किया गया तो वह चुप्पी साध गए। फिर बोले, कार्रवाई करेंगे, पहले महामारी तो नियंत्रित हो जाए। जब उनसे पूछा गया कि ऐसे कितने लोगों को चिन्हित किया है। कार्रवाई की समय सीमा पूछी गई तो टाल गए। उनके टालमटोल भरे रवैये से स्थिति बेकाबू होती जा रही है।

- कार्रवाई के बाबत सवाल पर चुप्पी साध गए सीएमओ
- कार्रवाई करेंगे, पहले महामारी तो नियंत्रित हो जाए



प्रेस वार्ता में जानकारी देते सीएमओ अशोक शुक्ला • जागरण

मलेरिया अधिकारी को बचाने में जुटे: शहरी क्षेत्र में समय से एंटी लार्वा एवं उससे जुड़ी कार्रवाई नहीं की गई। फिर भी सीएमओ डॉ. अशोक शुक्ला शहरी मलेरिया अधिकारी को बचाने में जुटे हैं। सिर्फ दिखाने के लिए नोडल अफसर से हटाया है।

### आइवरमेक्टिन बनेगा हथियार

जासं, कानपुर: फाइलेरिया उन्मूलन अभियान 19 जिलों में 25 नवंबर से शुरू हो रहा है। इस बार अभियान में नई दवा आइवरमेक्टिन को भी शामिल किया गया है। अभियान का शुभारंभ स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह सोमवार को सरसौली सीएचसी से करेंगे।

### दूसरा चरण 2 से

कानपुर: सघन मिशन इंद्रधनुष के दूसरे चरण के पहले फेज का अभियान 2 दिसंबर से शुरू होगा। सीएमओ एवं जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ. जीके मिश्रा ने बताया कि टीकाकरण से छूटे बच्चों का टीकाकरण कराना है। इसमें 16443 बच्चों और 2679 गर्भवतियों के टीकाकरण का लक्ष्य है।

### डेंगू की रोकथाम में गिबबोसा मछली कारगर



डॉ हेम सक्सेना • जागरण

जासं, कानपुर: डेंगू की रोकथाम के लिए गिबबोसा मछली बहुत मददगार साबित होती है। यह मछली डेंगू के लार्वा को खा जाती है। इससे डेंगू फैलने का खतरा कम हो जाता है। इस मछली की खासियत होती है कि यह साफ पानी ठहरती है। शनिवार को मुख्य वक्ता भारतीय दलहन अनुसंधान संस्थान की पूर्व वैज्ञानिक डॉ हेम सक्सेना ने यह जानकारी दी। वह डीएवी कॉलेज में जंतु विज्ञान विभाग की ओर से आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। यहां विभागाध्यक्ष डॉ.पंकज टंडन, डॉ.रेखा शुक्ला, डॉ.एमके सिन्हा, डॉ. सभ्यता, डॉ.चंद्रसौरभ, डॉ.निशा सिंह आदि मौजूद रहीं।

### टाइफाइड और डेंगू बुखार पर गोष्ठी

जासं, कानपुर: भारतीय बाल रोग अकादमी की टाइफाइड और डेंगू बुखार पर गोष्ठी हर्ष नगर स्थित होटल में हुई। इसमें वक्ताओं ने कहाकि दूषित पानी से नहाने एवं उसके सेवन से होता है। यह सेल्मोनेला टायफी बैक्टीरिया के संक्रमण से होता है, जबकि डेंगू एडीज मच्छर के डंक मारने से। इस दौरान डॉ. विवेक सक्सेना, डॉ. प्रदीप मट्टू, डॉ. यशवंत राव ने विचार रखे। संचालन डॉ. ओपी पाठक, डॉ. आशीष विश्वास ने किया। इस दौरान डॉ. एमएम मैथानी, डॉ. अरविंद सिंह, डॉ. जेके गुप्ता एवं डॉ. अनुराग भारती मौजूद रहे।

# डेंगू की रोकथाम में प्रदेश सरकार नाकाम : कांग्रेस

जासं, कानपुर : डेंगू की बढ़ती महामारी को लेकर कांग्रेस सड़कों पर उतरेगी। कांग्रेस की नगर, ग्रामीण व देहात इकाइयों की एक संयुक्त बैठक शनिवार को तिलक हाल में हुई, जिसमें प्रदेशव्यापी आंदोलन की रणनीति पर चर्चा की गई।

महानगर अध्यक्ष हर प्रकाश अग्निहोत्री की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में वक्ताओं ने आरोप लगाया कि डेंगू की रोकथाम में सरकार पूरी तरह से नाकाम साबित हुई है। बैठक में निर्णय लिया गया कि कांग्रेसी 27 नवंबर को दोपहर 1 बजे मोतीझील स्थित गांधी प्रतिमा पर एकत्र होंगे। बैठक में प्रमुख रूप से ग्रामीण अध्यक्ष कमलेश कोरी, शंकर दत्त मिश्र, पूर्व सांसद राजाराम पाल, विधायक सोहिल अंसारी, पूर्व विधायक भूधर नारायन मिश्र, हाफिज मो. उमर, संजीव दरियाबादी, इकबाल अहमद, सुबोध बाजपेई आदि मौजूद रहे।

# पब्लिक ने दो ठगों को पीटकर पुलिस को सौंपा

जासं, कानपुर : गोविंद नगर स्थित कच्ची बस्ती में सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले दो युवकों को पब्लिक ने पकड़कर पीट दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस आरोपितों को थाने ले गई। बस्ती में रहने वाले लोगों का आरोप है कि दोनों युवक प्रेस कार्ड व लेबर कार्ड बनवाने के नाम पर लोगों से 500-500 रुपये ले गए थे। इस दौरान आरोपितों ने बताया कि कार्ड से उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। थाना प्रभारी संजीवकांत मिश्रा ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।




**नई कवायद** 105 से घटाकर 101 किमी की लंबाई, दिसंबर में एनओसी लेना करेंगे शुरू

# रिंग रोड का नया खाका तैयार, भेजी फाइल

जासं, कानपुर: रिंग रोड की स्थापना का नया खाका तैयार किया गया है। इसमें कम से कम भूमि अधिग्रहण करना पड़े और लागत भी कम हो जाए इसलिए इसकी लंबाई 105 की जगह 101 किलोमीटर की गई है। कुछ पुरानी सड़कों को भी रिंग रोड का हिस्सा बनाने की योजना है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) के परियोजना निदेशक ने नए एलाइनमेंट की फाइल रिजनल अफसर को भेजा है। वहां से मंजूरी मिलते ही इसकी डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाने की प्रक्रिया शुरू होगी।

शहर से होकर गुजर रहे राष्ट्रीय राजमार्गों पर लगने वाले जाम की समस्या से निजात पाने के लिए ही आउटर रिंग रोड की स्थापना की जानी है। अभी तो नौबस्ता, पनकी, भौंती, कल्याणपुर, रामादेवी आदि जगहों पर भीषण जाम लगता है। पांच साल पहले इस समस्या के समाधान के लिए 105 किमी लंबे रिंग रोड की योजना बनी थी और उसी समय एलाइनमेंट भी तय किया गया था। पिछले साल एनएचएआइ ने इसकी लागत का आंकलन कराया तो पाया कि पांच हजार करोड़ रुपये में भूमि अधिग्रहण और निर्माण कार्य हो जाएगा। इस रिंग रोड का हिस्सा शुक्लागंज, गंगा बैराज मंधना मार्ग भी बनेगा। सचेंडी के किसान नगर से बिधनू जाने वाली नहर की पटरी को भी इससे जोड़ने की तैयारी है। दिसंबर में विभागों के अफसरों के साथ बैठक कर एनओसी ले ली जाए। एनएचएआइ के परियोजना निदेशक पुरुषोत्तम लाल चौधरी ने बताया कि रिजनल अफसर को फाइल भेज दी है।



रिंग रोड की स्थापना के लिए बनाया गया नक्शा • जागरण

# सिपाही से मारपीट करने वाले को चार वर्ष की कैद

जेएनएन, कानपुर : कानपुर देहात जिले के माती स्थित कचहरी में पेशी के दौरान सिपाहियों से मारपीट करने और रायफल छीनने की कोशिश करने के आरोप में कोर्ट ने आरोपित को चार वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही छह हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है। अर्थ दंड नहीं देने पर दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

विनायकपुर, कल्याणपुर, कानपुर नगर निवासी शिवा सिंह एक मामले में इटावा जिला कारागार में निरुद्ध थे। कानपुर देहात जिला कोर्ट में 30 मई 2017 को उसकी पेशी थी। माती पुलिस लाइन के सिपाही अनूप कुमार, राजेश कुमार व उमाकांत इटावा जिला कारागार से बंदी शिवा को लेकर आए थे। कोर्ट में पेशी पर ले जाते समय बंदी ने अपरिचित लोगों से बात करना शुरू किया तो सिपाहियों ने रोका।

इस पर वह खाना मांगने लगा और कहा कि जब खाना मिलेगा तभी पेशी पर जाएगा। ऐसा कहते हुए उसने सिपाहियों संग मारपीट की और रायफल छीनने की कोशिश की थी। शोर सुनकर अधिवक्ता आ गए तब भी बंदी ने उसे घूंसों से मारना जारी रखा और धमकी दी। सिपाही अनूप ने इस मामले में कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था।

मामले की सुनवाई तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश सुधीर कुमार कर रहे थे। एडीजीसी प्रशांत मिश्र ने बताया कि बंदी जेल में है। जेल में बंद समय सजा में जुड़ेगी।





# कानपुर

## कर्मचारियों ने उपसचिव को ज्ञापन सौंपकर की समस्याओं के निस्तारण की मांग

कानपुर नगर, उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद कर्मचारी एसो0 के प्रान्तीय महामंत्री षहाब



सरताज व मण्डल अध्यख इन्द्रमणि कान्त मिश्रा के नेतृत्व में एसो0 का एक प्रतिनिधमण्डल कर्मचारियों की 16 सूत्रीय मांगों को लेकर सचिव बेसिक शिक्षा परिषद से प्रयागराज प्रशासनिक कार्यालय मिलने पहुंचा लेकिन उनकी अनुपस्थिति में उपसचिव से मुलाकर कर कर्मचारियों की 16 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंप जल्द समस्याओं के निस्तारण कराये जाने की मांग की। प्रान्तीय महामंत्री शहाब सरताज ने बताया संगठन कर्मचारियों की समस्याओं को निस्तारित कराये जाने को लेकर लगातार प्रयासरत है, जिसके तहत सचिव बेसिक शिक्षा परिषद की अनुपस्थिति में उप सचिव से वार्ता हुई है, जिसमें कर्मचारियों की समस्याओं को उपसचिव ने निस्तारित कराये जाने का आश्वासन दिया, वहीं मण्डल अध्यक्ष इन्द्रमणिकान्त मिश्रा ने कहा लीव इनकेशमेंट व लिपिकों को विकास खण्डे में न भेजे जाने तथा कैशलेश चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराये जाने व बीमा राशि बढाये जाने सहित 16 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारियों का संघर्ष तब तक जारी रहेगा, जब तक मांगे पूरी नही हो जाती है। चेतावनी देते हुए कहा यदि जलद से जल्द कर्मचारियों की समस्याओं का निस्तारण नही किया गया तो संगठन एक बडे आन्दोलन के लिए बाध्य होगा। इस अवसर पर प्रान्तीय अध्यक्ष प्रदीप बंसल, प्रान्तीय महामंत्री शहाब सरताज, प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर मिश्रा, जिलाध्यक्ष सुखेन्द्र सिंह यादव, जिलामंत्री मो0 परवेज आलम, नवीन सिंह, आलोक श्रीवास्तव, पुष्पेंद्र शर्मा आफताब अहमद आदि मौजूद रहे।

## जेएनके इण्टर व शिशु मंदिर के वार्षिक खेल-कूद का शुभारम्भ



कानपुर नगर, जीएनके इण्टर कालेज व गुरूनारायण खत्री विधा मंदिर इण्टर काले एवं जेएनके सरस्वती शिशु मंदिर जू0 हाईस्कूल के संयुक्त तत्वाधान में त्रिदिवसीय वार्षिक खेल-कूद समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अपर पुलिस हानिदेशक अविनाश चन्द्र द्वारा मशाल प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर तीनो विधालयों द्वारा मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि ने खेल के महत्व को बताते हुए कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु खेल आवश्यक है, इससे छात्रों का चरित्र एवं शरीर विकसित होता है। प्रतियागिताओं के प्रथम दिन वीरेन्द्र सिंह यादव के निर्देशन में दौड का आयोजन हुआ। सोसाइटी के मूलचन्द्र सेठ ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर सुरेन्द्र कक्कड, डा0 अंगद सिंह, अशोक मेहरोत्रा, अवधेश कटियार, एमडी द्विवेदी, सुधा सिंह, वीरेन्द्र सिंह यादव, दिलीप कुमार मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## कोर्ट की राजनीत के चाणक्य बने हेमेन्द्र और एड0 कुलदीप आनन्द

कानपुर नगर, एशिया की सबसे बडी अधिवक्ता यूनियन की शाखा कानपुर बार एसोसिएशन आज पूरे भारत में चर्चा का विषय बनी हुई है, जिसका प्रमुख कारण हाल ही में सम्पन्न हुए कानपुर बार एसो0 के वार्षिक चुनाव 2018 का होना माना जा रहा है। एक ओर जहां प्राचीन काल से एक ही चाणक्य का नाम चलता रहा वहीं कानपुर कोर्ट की राजनीति में दो-दो चाणक्य उभरते हुए सितारों के रूप में नजर आये, उनमें नाम है एडवोकेट कुलदीप आनन्द बाबा और हेमेन्द्र श्रीवास्तव, जिनहोने कानपुर कोर्ट की राजनीति के सारे पुराने समीकरण ध्वस्त करके प्रैक्टिशनर अधिवक्ताओं की आधारशिला की नींव डाल दी है। कानपुर बार एसो0 के चुनाव में महामंत्री पद के प्रत्याशी कपिलदीप सचान को 494 वोट की एक ऐतिहासिक जीत दिलाने वाले कुलदीप





आनन्द बाबा और हेमेन्द्र श्रीवास्तव की जोडी ने कानपुर कोर्ट की राजनीति में एक अमूलचूल परिवर्तन लाकर अपने विरोधियो को हमेशा के लिए एक माउण्ट एवरेस्ट पर खडा कर दिया है, जिसे भेद पाना मुश्किल ही नही अब नामुमकिन हो गया है। कुलदीप बाबा ने कानपुर बार एसो0 का महामंत्री पद पर कपिलदीप सचान को जिताने के लिए अपना सारा राजनीतिक कैरियर दांव पर लगा दिया। एड0 कुलदीप बाबा राजनीति से जुडा एक ऐसा चेहरा है जिसने कई राजनैतिक पार्टियों में सक्रिय राजनीति कर उनक पार्टियों को आगे बढाने का काम किया है, जिसका परिणाम कपिलदीप सचान की जीत के रूप में सबसे सामने है। वहीं कानपुर बार एसो0 के पूर्व मंत्री रहे एड0 हेमेन्द्र श्रीवास्तव ने कपिलदीप सचान को जितने के लिए अपनी ऐसी गणित बैठाई कि उनके प्रतिद्वंदियों के सारे आरमान तार-तार हो गये। एड0 कुलदीप आनन्द और एड0 हेमेन्द्र श्रीवास्तव ने कानपुर कोर्ट में सभी अधिवक्ता अब कोर्ट राजीनति के चाणक्य के उपनाम से पुकारने लगे है।

## जेसीआई ब्रम्हावर्त दे रहा शहरवासियों को अनोखा तोहफा

कानपुर नगर, जेसीआई ब्रम्हावर्त युवाओं का सबसे बडा संगठन है और यह शहर वासियों को एक अनोखा तोहफा दे रहा है जिसमें कानपुर नगर में अब तक का सबसे बडा लाइफ शो होगा और उसमें बॉलीवुड के रॉकस्टार फरहान अख्तर कानपुर के लोगो के सामने होंगे। वह अपने सुपरहित गानो की प्रस्तुति देंगे। बताया गया कि आजाद नगर के सीएसए ग्राउंड में 23 दिसम्बर को शाम 7 बजे लाइव शो शुरू होगा, जिसमें स्टेज, लाइट्स और साउंड मुंबई से मंगवाए गये है। साथ ही महिलाओं की सुरक्षा के लिए पूरी व्यवस्था की गयी है। खाने के स्टाल, पीने का पानी, टॉयलेट्स तथा पार्किंग का विशेष ध्यान रखा गया है। मनोज गुप्ता ने बतायायह शहरवासियों के लिए एक वरदान साबित होगा और शहर की ख्याति बढेगी जिससे हम अपने शहर को स्मार्ट सिटी बना पायेगे। अभिषेक गुप्ता ने कहा कानपुर के दर्शक अब लाइफ अपने कलाकारो को देख जायेगे।

## हीरक जयंती व शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह



कानपुर नगर, डीएवी महाविधालय के जन्तुविज्ञान विभाग में सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह, जन्तु विज्ञान विभाग के हीरक जयन्ती एवं महाविधालय के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सम्पन्न हुआ, जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य प्रो0 अमित श्रीवास्तव एवं विभागाध्यक्ष डा0 पंकज टण्डन ने की। समारोह में विभाग के 16 वरिष्ठ सेवानिवृत्त शिक्षक, शिक्षिओं में सेवानिवृत्त प्रचार्य डा0 अशोक सक्सेना एवं पूर्व विभागध्यक्ष डा0 पीके माथुर ने अपने पूर्व अनुभवन व विचार से सभी को अवगत कराया। डा0 पंकज टण्डन व डा0 एमके सिन्हा ने सभी वरिष्ठ शिक्षकों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन डा0 सभ्यता ने किया। इस अवसर पर विभाग के सभी शिक्षिकगण व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## व्यापार मंडल ने किया सुरक्षा को लेकर व उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित

कानपुर। यशोदा नगर युवा व्यापार मंडल ने थाना नौबस्ता जनपद कानपुर नगर को स्वच्छ सर्वेक्षण 2018 के अंतर्गत थाना परिसर को स्वच्छता में सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए थाना इंचार्ज समर बहादुर यादव वाह उनके समस्त स्टाफ को 20 वर्षो का सर्वश्रेष्ठ कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संरक्षक संजय सिंह पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि व्यापार मंडल के पदाधिकारियों वाह क्षेत्र की जनता ने उत्कृष्ट कार्यों के लिए थानाध्यक्ष का स्वागत और सम्मान किया है। जिस प्रकार से क्षेत्र में एक अपराधियों के ऊपर भय का



माहौल बना है उससे व्यापारी अपने आप को कहीं ना कहीं सुरक्षित समझ रहा है और महसूस कर रहा है। जिसके लिए आज स्मृति चिन्ह और फूल माला के साथ स्वागत और सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारी विनोद सिंह अध्यक्ष सौरभ शुक्ला उपाध्यक्ष जीत नारायण दीक्षित महामंत्री विपिन बघेल कोषाध्यक्ष पंकज शर्मा सह कोषाध्यक्ष संजय पटेल संरक्षक राकेश दीक्षित संगठन मंत्री श्याम कुमार प्रजापति सह संगठन मंत्री मनीष तिवारी प्रचार मंत्री अजय मिश्रा सह प्रचार मंत्री राजीव दीक्षित मंत्री प्रदीप बाजपेई मंत्री अवनीश दुबे मंत्री अमित शुक्ला मंत्री पिंकू विश्वकर्मा मंत्री सत्यम तिवारी कार्यकारिणी प्रभारी एवं सदस्य यशोदा नगर युवा व्यापार मंडल आदि उपस्थित रहे।

## स्मार्ट मार्केट बनाने के लिए अधिकारियों ने नवीन मार्केट का किया निरीक्षण

कानपुर। स्मार्ट सिटी का निर्णय आने के बाद जिला प्रशासन नवीन मार्केट को स्मार्ट



मार्केट बनाने के लिए पुरजोर पास कर रहा है जिसके लिए जिलाधिकारी व केडीए उपाध्यक्ष बराबर मॉनिटर रिंग कर रहे हैं। जिस के क्रम में आज अधिशासी अभियंता आरपी सिंह वपुलिस अधीक्षक यातायात सुशील कुमार के संयुक्त तत्वाधान में एक टीम ने नवीन मार्केटका निरीक्षण किया जिसमें की नवीन मार्केट व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष दीपक कुमार सविता के साथ नवीन मार्केट का निरीक्षण किया गया औरनवीन मार्केट को किस प्रकार से स्मार्ट मार्केट बनाया जाए उन बिंदुओं पर भी गौर किया गया और व्यापारियों के साथ प्रशासनिक अधिकारियों ने जब नवीन मार्केट का निरीक्षण किया तो नवीन मार्केट में फैले अतिक्रमण को भी देखा गया। व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक कुमार सविता ने स्मार्ट मार्केट बनने में जो दिक्कतें आ रही है उन बिंदुओं को भी प्रशासनिक अधिकारियों को दिखाया। जिसमे की पुलिस अधीक्षक यातायात सुशील कुमार ने नवीन मार्केट में कुछ दुकानदारों को भी फटकार लगाई और कहा कि स्मार्ट मार्केट तब तक यह नवीन मार्केट नहीं हो सकता है जब तक यहां का व्यापारी खुद जागरुक ना हो।और व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ऊपर भी नाराजगी जताते हुए कहा कि आप लोक प्रशासन पर आरोप लगाते हैं लेकिन कभी दुकानदारों से यह नहीं कहते हैं की अतिक्रमण क्यों फैला रखा है। तो वहीं अध्यक्ष दीपक कुमार सविता नेभी प्रशासन के पाली में गेंद पीते हुए आरोप लगाते हुए कहा कि हम लोग प्रशासन का सहयोग करना चाहते हैं लेकिन प्रशासन खुद कुछ नहीं कर रहा है व्यापार मंडल शासन के साथ खड़ा है लेकिन जब तक प्रशासन अपना डंडा नहीं चलाएगा तब तक यह अतिक्रमण नहीं खत्म होगा। टीड रेस्टोरेंट पर फैले अतिक्रमण को दिखाया। और कहां देखी यह फुटपाथ ही कब्जा कर ली है। अधिशासी अभियंता आरपी सिंह ने टीड रेस्टोरेंट के बाहर रखें गमलों को तत्कालीन घटाने के लिए आदेशित किया। अभियान में मुख्य रुप से उपस्थित पुलिस अधीक्षक यातायात सुशील कुमार अधिशासी अभियंता आरपी सिंह, यातायात निरीक्षक अनिल कुमार सहायक अभियंता सुरेश अरोड़ा आदि लोग मौजूद रहे।

## 24 दिसंबर को जिलाधिकारी को भू माफियाओं के खिलाफ दिया जाएगा ज्ञापन

कानपुर। भू माफियाओं से पीड़ित प्रतिनिधि मंडल ने राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय पर जिलाध्यक्ष



राम सिंह राजपूत को एक ज्ञापन सौंपा और आरोप लगाते हुए जितेंद्र राजपूत ने कहा कि भाजपा सरकार में भू माफियाओं और भाजपा नेता द्वारा जबरन मकान पर कब्जा किया जा रहा है।जिसमें अधिकारियों तथा थाना पुलिस की मिली भगत है और उन्हीं की सैर पर नेताओं द्वारा कब्जा किया जा रहा है आराजी नंबर 127 निवासी अहिरवॉ को दिलीप कुमार वर्मा राजीव वर्मा राज बहादुर सिंह तथा आराजी नंबर 103 मौजूद देहली सुजानपुरा में मुख्तार अहमद इसरत जहॉ जितेंद्र राजपूत तथा विजय सिंह राष्ट्रीय लोक दल जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय लोक दल राम सिंह राजपूत को ज्ञापन दिया और अपनी समस्याओं से अवगत कराया लातों पर माफियाओं द्वारा किए गए कब्जों के बारे में जिलाध्यक्ष राम सिंह राजपूत को अवगत कराया जिसमें जितेंद्र राजपूत संघ के पदाधिकारी है वह भाजपा की सरकार में अपने प्लाट पर ही कब्जा होने से हाथ है। इन सभी लोगों की समस्याओं को लेकर 24 दिसंबर को एक रद्दी मंडल जिलाध्यक्ष राम सिंह राजपूत के नेतृत्व में जिलाधिकारी से मिलकर समस्याओं से अवगत कराए का जरूरत पड़ी तो इसके लिए राष्ट्रीय लोक दल आंदोलन भी करेगा जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष राम सिंह राजपूत ने कहा।

लोकजन संदेश
हिन्दी दैनिक
स्वामी, प्रकाशक मुद्रक मो. सलीम द्वारा वक्त दर्शन प्रकाशन 129 एलआईजी, रामपुरम (श्याम नगर) से छपवाकर 105/55 चमनगंज कानपुर–208001 से प्रकाशित
सम्पादक
मो. सलीम
मो.
9336577549,9336662020
8840049299
उत्तर प्रदेश ब्यूरो
शामीन हुसैन
विधि सलाहकार
कृष्ण कुमार मिश्रा
एडवोकेट
प्रभात सिंह कुशवाहा
एडवोकेट
राजेन्द्र कुमार वर्मा
एडवोकेट
email:
lokjansandesh1@gmail.com
R.N.I.: UPHIN/2015/68360

समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों की होगी आपत्तियां दो सप्ताह के अंदर ही स्वीकार की जाएंगी। समस्त विवाद कानपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

शानू टेन्ट हाउस



हमारे यहाँ शादी व पार्टी के लिए सभी तरह का समान उपलब्ध है।
मो. 9336662020, 9044413810,9389225392
कार्यालय : 84/52, जरीब चौकी, कानपुर – 208001
निवास : 88/356, हुमायू बाग, चमनगंज, कानपुर–208001

## पुंयतिथि पर याद किए गए सुरेंद्रनाथ शर्मा

कानपुर। पंडित सुरेंद्र नाथ शर्मा फाउंडेशन एवं नमो सेना इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में स्वर्गवासी पंडित सुरेंद्र ना शर्मा की पुंयतिथि पर सर सैया घाट गंगा किनारे श्रद्धांजलि सभा वभंडारा है एवं मिशन मुस्कान निशुल्क पाठशाला के बच्चों का प्रतिभा प्रोत्साहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए समाज सेविका गुंजन शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में आए समाजसेवी तथा राजनेताओं श्रद्धांजलि अर्पित एवं प्रसाद ग्रहण किया गया। फाउंडेशन की अध्यक्ष एवं कार्यक्रम आयोजक गुंजन शर्मा बताया कि स्वर्गवासी सुरेंद्र ना शर्मा का जन्म 25 जुलाई 1925 को हुआ था। उन्होंने देश सेवा के लिए तत्पर रहे हमेशा। बाल्यावस्था से ही संघ के स्वयंसेवक व भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य भी शहर में रहे भारतीय जनता पार्टी में भी सक्रिय योगदान दिया 21 दिसंबर 2001 को पंच तत्व में विलीन हो गए। फाउंडेशन उन की स्मृति में हर वर्ष गरीबों की सेवा व स्वास्थ शिक्षा पर काम करती रहती है। इसी क्रम में आज भी विगत वर्ष की भांति हर वर्ष का काम आयोजित किए जाते हैं।नमामि गंगे के प्रदेश संयोजक श्री कृष्ण दिक्षित बड़े जी ने कहा कि कानपुर की समाज सेवा में व राजनीतिक में सुरेंद्र नाथ शर्मा का बड़ा योगदान रहा है। भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र मैथानी ने कहा कि भाजपा कानपुर सुरेंद्र नाथ शर्मा की ऋणी रहेगी। क्योंकि उन्होंने सत्यदेव पचौरी व जगत वीर सिंह द्रोण जैसे व्यक्तित्व को खड़ा किया था। उनका राजनीति में भी अच्छा खासा प्रभाव रहा है। मुख्य रुप से उपस्थित गुंजन शर्मा, श्री कृष्ण दीक्षित बड़े जी, संदीप मिश्रा, राज कुमार मिश्रा, संजीव गुप्ता, प्रमोद पांडे, अनुपम चौधरी, तरनजीत सिंह, आदि लोग मौजूद रहे।